सोमवार
**33 साल से देहरादून का विश्वास**

23 जून 2025
● देहरादून
● वर्ष 33
● अंक 139
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. : 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# पंचायत चुनावों पर रोक



हमारे संवाददाता

नैनीताल। राज्य में हो रहे त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों पर नैनीताल हाईकोर्ट ने रोक लगा दी है। आरक्षण नोटिफिकेशन के मसले पर हाईकोर्ट ने यह फैसला लिया है। हाईकोर्ट ने यह टिप्पणी भी की है कि आगे किसी भी तरह की चुनावी कार्रवाई नहीं होनी चाहिए।

बीते शनिवार को उत्तराखंड में त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों को लेकर सरकार की ओर से कार्यक्रम जारी किया गया था। दो चरणों में मतदान कराया जाना था, जिसके लिए 25 जून से नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी थी। प्रत्याशियों में भी इसको लेकर काफी उत्साह था। लेकिन अब हाईकोर्ट के फैसले के बाद सभी की उम्मीदों को झटका लगा है। दरअसल सरकार की ओर से पंचायतों में आरक्षण को लेकर स्थिति जारी की गई थी उसके बाद आपत्तियों मांगी गई थी। लेकिन आपत्तियों के निस्तारण के बाद आरक्षण का विधिवत नोटिफिकेशन जारी नहीं किया गया था। इसको हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी।

मामले की सुनवाई के बाद मुख्य न्यायाधीश जी नरेंद्र व न्यायमूर्ति आलोक मेहरा की खण्डपीठ ने आरक्षण को नियमों के तहत तय नहीं पाते हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव पर रोक लगा दी है। साथ हीं सरकार से जवाब पेश करने को कहा है। बीते शुक्रवार को कोर्ट ने राज्य सरकार से स्थिति से अवगत कराने को कहा था लेकिन राज्य सरकार आज स्थिति से अवगत कराने में असफल रही है। कोर्ट के आदेश के बाद भी सरकार ने चुनाव की तिथि निकाल दी,जबकि मामला कोर्ट में चल रहा है। इसके बाद कोर्ट ने पूरी चुनाव प्रक्रिया पर रोक लगा दी।

बता दें कि बागेश्वर निवासी गणेश दत्त कांडपाल व अन्य ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि सरकार ने 9 जून 2025 को एक आदेश जारी कर पंचायत चुनाव हेतु नई नियमावली बनाई। साथ ही 11 जून को आदेश जारी कर अब तक पंचायत चुनाव हेतु लागू आरक्षण रोटशन को शून्य घोषित करते हुए इस वर्ष से नया रोटशन लागू करने का निर्णय लिया। जबकि हाईकोर्ट ने पहले से ही इस मामले में दिशा निर्देश दिए हैं। याचिकाकर्ता के अनुसार इस आदेश से पिछले तीन कार्यकाल से जो सीट आरक्षित वर्ग में थी वह चौथी बार भी आरक्षित कर दी गई है। जिस कारण वे पंचायत चुनाव में भाग नहीं ले पा रहे हैं। इस मामले में सरकार की ओर से बताया गया कि इसी तरह के कुछ मामले एकलपीठ में भी दायर हैं।

वहीं मामले में सचिव पंचायतीराज चंद्रेश कुमार ने अवगत कराया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था से संबंधित नियमावली की अधिसूचना (गजट नोटिफिकेशन) की प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा वर्तमान में पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया पर अंतरिम आदेश (स्थगन) पारित किया गया है, जिसकी समुचित रूप से अनुपालना की जा रही है।

सचिव पंचायतीराज ने कहा कि आरक्षण नियमावली 2025 की गजट नोटिफिकेशन की प्रति प्रिंटिंग के लिए राजकीय प्रेस रुड़की में गतिमान है, जिसे शीघ्र जारी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि स्थिति से अवगत कराते हुए उचित न्यायिक मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार न्यायालय की पूर्ण गरिमा एवं निर्देशों का सम्मान करते हुए पंचायतीराज व्यवस्था को संविधान व विधि सम्मत रूप से संचालित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# मानसून आया आपदा लाया

उच्च हिमालयी राज्यों के लिए यूं तो गर्मी, सर्दी, बरसात का कोई भी मौसम आसान नहीं होता है। गर्मी के मौसम में धधकते जंगल इंसानी जीवन और वन्य जीव जंतुओं की जान पर भारी पड़ते हैं वही सर्दी के मौसम में बर्फबारी आवा गमन को ठप कर देती है और कड़ाके की सर्दी को सहना एक बड़ी चुनौती बन जाता है इस सब के बीच मानसून काल तो जैसे तमाम आपदाओं को लेकर आता है। अभी एक दिन पहले ही रुद्रप्रयाग के दूर दराज क्षेत्र के गांव में मामूली सी बरसात के बाद एक घर भरभरा कर गिर गया जिसमें सो रहे दंपति और उनके दो मासूम बच्चे मलबे में दबकर मर गए। अभी 2 दिन पहले ही मौसम विभाग द्वारा राज्य में मानसून पहुंचने की बात कही गई है लेकिन उत्तराखंड में मानसून पहुंचने की घोषणा के साथ ही राज्य में 25 जून तक भारी बारिश का रेड अलर्ट भी जारी कर दिया गया है। यही नहीं केदारनाथ राजमार्ग पर 4 किलोमीटर के हिस्से में पहाड़ से पत्थरों की बरसात हो रही है इस भूस्खलन की घटना में दो लोगों की जान जा चुकी है वहीं आधा दर्जन लोग घायल हो चुके हैं। केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग पर यात्री भागते हुए बचते-बचाते इस रास्ते को पार कर रहे हैं। जो अत्यंत ही जोखिम भरा है। अभी खराब मौसम के कारण गौरीकुंड के जंगलों में हेलीकॉप्टर क्रैश की घटना में सात लोगों की मौत हो गई थी जिसके बाद हेली सेवा को अभी तक शुरू नहीं किया जा सका है। 23 जून से तो वैसे भी मानसून काल के लिए हेली सेवा को बंद किया जाना था अब तक हजारों यात्रियों के टिकट कैंसिल किये जा चुके हैं। तथा अब हेली सेवा को मानसून काल के लिए पूर्णतया बंद किया जा चुका है। बात सिर्फ चार धाम यात्रा और चार धाम यात्रियों की सुरक्षा तक ही सीमित नहीं है। पूरे राज्य में मानसून काल में कहीं रोड ब्लॉक तो कहीं बाढ़ और बादल फटने की घटनाओं के कारण पूरे राज्य का जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित होता है। राज्य का आपदा प्रबंधन विभाग में मानसून काल शुरू होने से महीनों पहले ही तैयारियां शुरू कर दी जाती हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी अब तक तमाम विभागों की कम से कम तीन समीक्षा बैठक कर चुके हैं। आपदा के कारण स्वास्थ्य सेवाओं, ऊर्जा सेवाओं व सड़क तथा परिवहन सेवाओं को दुरुस्त रखना जरूरी होता है। मार्ग बंद होने पर उसे कितनी जल्द खोला जा सके तथा पेयजल और स्वास्थ्य सेवाओं के अलावा पीड़ित लोगों व प्रभावितों तक तुरंत मदद पहुंचाने के लिए सड़क, बिजली, पानी की व्यवस्थाओं के साथ-साथ दवाओं व भोजन व्यवस्था को दुरस्त रखने की जरूरत होती है। मानसून से पूर्व ही जरूरी आवश्यकता की वस्तुओं व खाद्यान्न का भंडारण करना पड़ता है। चार धाम यात्रा का संचालन भी जारी रहता है। भले ही समय-समय पर उसमें रुकावटें आती रहती है। अब तक 35-36 लाख यात्री चार धाम की यात्रा कर चुके हैं। देखना होगा कि यह आंकड़ा कहां तक पहुंचता है। लेकिन इससे ज्यादा जरूरी है आपदा प्रबंधन का बेहतर होना क्योंकि आपदाओं को रोका जाना संभव नहीं है। इससे होने वाले नुकसान को जितना कम किया जा सके बेहतर है।



# सरेआम हंगामा करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता

टिहरी। पुलिस ने सरेआम हंगामा कर रहे व्यक्ति को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुरानी टिहरी रोड पर होटलों में घुसकर गाली गलौज करने वाले और पर्यटकों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले एक नेपाली मूल के व्यक्ति को चंबा पुलिस के द्वारा सायंकालीन गश्त के दौरान गिरफ्तार किया गया। प्रथम दृष्टया पुलिस के द्वारा उक्त व्यक्ति को काफी समझाया गया कि वह गली गलौज न करे किंतु वह नहीं माना। अभियुक्त कोई संज्ञेय घटना कारित कर सकता था अत: पुलिस के द्वारा उक्त व्यक्ति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मौके पर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम भगत बहादुर पुत्र बसंत बहादुर निवासी थाना मामना जितला कालीकोट नेपाल बताया। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया।

# प्रदेश कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाया

संवाददाता

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस ने राज्य निर्वाचन आयोग का दरवाजा खटखटाते हुए आरक्षण रोस्टर व चुनाव मतदाता सूचियों में गडबडी का आरोप लगाया।





आज यहां उत्तराखंड में त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों में गड़बड़ी के मामले में कांग्रेस पार्टी का राज्य सरकार पर हमला भी जारी रहा। पार्टी के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा व नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य के नेतृत्व में पार्टी के प्रमुख नेताओं जिनमें प्रदेश कांग्रेस सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, विधायक विक्रम सिंह नेगी, विधायक लखपत बुटोला व महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला समेत दो दर्जन नेताओं ने प्राय: साढ़े ग्यारह बजे रिंग रोड स्थित राज्य निर्वाचन आयोग पहुंच कर राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार से मिला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करण माहरा ने राज्य निर्वाचन आयुक्त से कहा कि राज्य की सत्ताधारी भाजपा ने त्रि-स्तरीय पंचायत चुनावों के आरक्षण में जिला प्रशासन व पंचायती राज विभाग से बेइमानी करवाते हुए रोस्टर को शून्य कर दिया जिससे पूरे राज्य में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व पिछड़े वर्गों सहित सामान्य वर्ग की सीटों का आरक्षण भी गड़बड़ा गया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में त्रि स्तरीय पंचायत चुनावों का कार्यक्रम राज्य निर्वाचन आयोग ने जारी कर दिया किन्तु अभी तक लोगों को मतदाता सूचियॉं उपलब्ध नहीं करवाई गई जिस पर राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने कहा कि आयोग ने मतदाता सूचियों वेबसाइट पर अपलोड कर दी हैं किन्तु यह सही है कि मतदाता सूचियों की हार्ड कॉपी उपलब्ध नहीं करवाई गई। उन्होंने कहा कि हार्ड कॉपी भी उपलब्ध करवाई जाएगी। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने कहा कि आरक्षण के अलावा सत्ताधारी दल ने वोटर लिस्ट में बड़े पैमाने में गड़बड़ियां की हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने ऐसे लोगों को जो हाल ही में संपन्न हुए नगर निकाय चुनावों में नगरीय मतदाता के रूप में मतदान किया उनको अब ग्रामीण पंचायत चुनावों के लिए तैयार मतदाता

## आरक्षण रोस्टर व चुनाव मतदाता सूचियों में गड़बड़ी का लगाया आरोप

सूचियों में मतदाता बना दिया। आर्य ने कहा ऐसे मतदाताओं को पंचायत चुनाव में मतदान करने व चुनाव लड़ने से निषेध करने के आदेश पीठासीन अधिकारियों को दिए जाएं। प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि सरकार ने आरक्षण की अंतरिम सूची के प्रकाशन में भी भारी गड़बड़ियां कीं। उन्होंने कहा कि पहले जिस तिथि पर आरक्षण का आदेश निकाला गया और उसमें आपत्तियां मांगी गईं उसके विपरीत जिस आदेश पर आरक्षण की अंतिम सूची निकाली गई उसपर कोई आपत्ति ही आमंत्रित नहीं की गई। प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना ने कहा कि सत्ताधारी दल के लोग विरोधी दलों के प्रत्याशियों के नामांकन गलत तरीके से रद्द करवाने के लिए पीठासीन अधिकारियों पर अनुचित दबाव बनाते हैं जो निकाय चुनावों में भी देखा गया इसलिए राज्य निर्वाचन आयोग की तरफ से सभी पीठासीन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाएं कि नामांकन प्रक्रिया निष्पक्ष व पारदर्शी हो और किसी भी सही नामांकन को किसी भी दबाव में रद्द नहीं किया जाए।

राज्य निर्वाचन आयुक्त सुशील कुमार ने कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि राज्य निर्वाचन पंचायत चुनावों को पूरी निष्पक्षता व पारदर्शिता से करवाने के लिए कटिबद्ध है व इस संबंध में पहले ही सभी जिलाधिकारियों व चुनाव प्रक्रिया में लगे अधिकारियों को सख्त हिदायत दे चुका है।

प्रतिनिधिमंडल में करण माहरा व यशपाल आर्य के साथ प्रदेश कांग्रेस के सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, पूर्व पीसीसी अध्यक्ष गणेश गोदियाल, प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना, विधायक विक्रम सिंह नेगी, विधायक लखपत बुटोला, प्रदेश अध्यक्ष के मीडिया सलाहकार सरदार अमरजीत सिंह, महिला कांग्रेस अध्यक्ष ज्योति रौतेला, प्रदेश महासचिव नवीन जोशी, प्रदेश प्रवक्ता गिरिराज किशोर हिंदवाण, प्रदेश प्रवक्ता शीशपाल सिंह बिष्ट, मुरारी लाल खंडेलवाल, अखिलेश उनियाल, अश्विनी बहुगुणा आदि शामिल रहे।

# पुलिस ने यातायात, शांति व्यवस्था व सत्यापन के लिए गोष्ठी का आयोजन किया

संवाददाता

टिहरी। देवप्रयाग पुलिस व नरेंद्र नगर पुलिस द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कस्बा के व्यापार मण्डल, टेक्सी यूनियन, होटल यूनियन के पदाधिकारियों के साथ यातायात/शान्ति व्यवस्था/ सत्यापन आदि को लेकर गोष्ठी का किया आयोजन।

आज यहां देवप्रयाग पुलिस व नरेंद्र नगर पुलिस द्वारा अपने अपने क्षेत्र में कस्बा के व्यापार मण्डल, टेक्सी यूनियन, होटल यूनियन के पदाधिकारियों के साथ यातायात/शान्ति व्यवस्था/ सत्यापन आदि को लेकर गोष्ठी का किया आयोजन। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक टिहरी गढ़वाल के आदेशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक व क्षेत्राधिकारी नरेंद्रनगरके निर्देशन में आज प्रभारी निरीक्षक नरेंद्रनगर संजय मिश्रा एवं थानाध्यक्ष देवप्रयाग लखपत बुटोला द्वारा उपरोक्त सभी संगठनों के पदाधिकारियों के साथ गोष्ठी का आयोजन करते हुऐ स्थानीय समस्यों के बारे में जानकारी ली गयी मुख्यत: सभी के द्वारा कस्बे में यातायात समस्या से अवगत कराया गया, जिसका समाधान किया





जाएगा।

गोष्ठी में मौजूद सभी व्यक्तियो को अपने-अपने प्रतिष्ठानो में लगे बाहरी कर्मचारियों/स्टाफ का सत्यापन करवाने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया। गोष्ठी में मौजूद होटल ढाबों संचालकों से अपने प्रतिष्ठान में किसी भी व्यक्ति को अवैध शराब का सेवन नहीं कराएगा से अवगत कराया गया। गोष्ठी में मौजूद सभी व्यक्तियो को अपने वाहनो को पार्किंग में पार्क करने हेतु अवगत कराया गया। सभी को यातायात नियमों की जानकारी दी गयी तथा अपने परिजनों को यातायात के नियमों का पालन करने हेतु अवगत कराया गया। गोष्ठी में सभी व्यक्तियो को नशे के दुस्प्रभाव के सम्बन्ध में जागरूक किया गया व सभी को अवगत कराया गया कि यदि आपको कोई भी व्यक्ति नशा या नशे से सम्बन्धित सामाग्री बेचते हुये दिखायी दे तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दे। सभी को अवगत कराया गया यदि थाना क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति घूमते हुये मिलता है या शक होने पर उसकी सूचना थाना को सूचित करने हेतु अवगत कराया गया। तत्पश्चात अलग से ग्राम प्रहरियों की मीटिंग लेकर आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

# निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी

यूक्रेन और रूस के बीच तुर्किये में शांति वार्ता का दूसरा दौर चला, इस खबर से दुनिया भर में राहत की सांस ली जानी चाहिए थी, लेकिन कोई इसके सार्थक परिणामों की उम्मीद नहीं कर रहा।

दोनों देशों में अभी तक मृत सैनिकों के शवों और घायल सैनिकों की अदला-बदली पर ही सहमति बनी है, जबकि युद्ध तीन साल से बदस्तूर जारी है। दोनों देशों में हो रही वार्ता की तुर्किए के विदेश मंत्री हकन फिदान अध्यक्षता कर रहे हैं। रूस और यूक्रेन के वरिष्ठ अधिकारियों की हालिया टिप्पणियों से पहले ही संकेत मिल चुके हैं कि युद्ध को रोकने की दिशा में फिलहाल कोई ठोस प्रगति नहीं होने जा रही है। जंग का हाल ये है कि रोज इसकी गंभीरता बढ़ती जा रही है।

अग्रिम मोर्चे पर भीषण लड़ाई चल रही है और दोनों पक्ष एक-दूसरे के क्षेत्र में भीतर तक हमले कर रहे हैं। पहले इस युद्ध में यूक्रेन को कमजोर समझा जा रहा था और पूरी दुनिया मान बैठी थी कि यूक्रेन जल्द ही हथियार डाल देगा और रूसी राष्ट्रपति पुतिन अपने मकसद में कामयाब हो जाएंगे, लेकिन यूक्रेनी सेना इस युद्ध को तीसरे साल तक खींचने में कामयाब रही है। रविवार को तो यूक्रेन ने रूस को एसा सबक सिखाया जिसे पुतिन और रूसी सेना कभी नहीं भूल पाएगी।



यूक्रेनी सेना ने ड्रोन हमले करके रूस के भीतर कई अहम एयर स्ट्रिप को बरबाद कर 40 से अधिक रूसी विमानों की कब्रगाह बना डाली। खिसियाया रूसी रक्षा मंत्रालय मार गिराए गए यूक्रेनी ड्रोन की संख्या बताकर ही खीझ मिटा रहा है। यूक्रेन पर रूसी हमले पहले की तरह जारी हैं। युद्ध अब अत्याधुनिक पैंतरेबाजी तक पहुंच गया है। इसमें अब सैनिकों से ज्यादा ड्रोन की भूमिका हो गई है। युद्ध को लेकर संयुक्त राष्ट्र और बड़े देशों की भूमिका निंदनीय बनी हुई है।

ये सभी इसे पुतिन का निजी मामला समझकर सुविधाजनक दूरी बनाए हुए हैं। यूक्रेन को सैन्य सामग्री देकर ही नाटो भी संतुष्ट है। अमेरिका रूस से तेल, गैस और यूरेनियम खरीदन वालों पर 500 फीसद शुल्क लगाने के विधेयक पर विचार की तैयारी कर रहा है। भारत और चीन इसका सीधा शिकार बनेंगे जो रूस से भारी मात्रा में ये सामान खरीद रहे हैं। इस युद्ध से पुतिन भी संकट में हैं, क्योंकि उन्होंने ऐसे युद्ध में गर्दन फंसा ली है जहां से निकलना संभव नहीं हो रहा। यूक्रेनी शहरों की तबाही और लाखों लोगों के विस्थापन के साथ दुनिया की भी सांस हलक में अटकी है। इस्तांबुल वार्ता का किसी निष्कर्ष पर पहुंचना जरूरी है। (आरएनएस)

# चुनाव-निकाय को बदनाम करना बेतुका

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष व लोक सभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के मैच फिक्सिंग के आरोप में लिखे लेख पर चुनाव आयोग ने प्रतिक्रिया दी। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र में बीते साल हुए विधानसभा चुनाव में धांधली के दावों को खारिज किया। कहा कि अनुकूल चुनाव परिणाम न मिलने के बाद चुनाव निकाय को बदनाम करना बेतुका है। गांधी के अनुसार महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव लोकतंत्र में धांधली का ब्ल्यूप्रिंट था, जो बिहार में होने वाले चुनाव में भी दोहराया जाएगा। उन्होंने लिखा, मैच फिक्स किए चुनाव लोकतंत्र के लिए जहर हैं। जो पक्ष धोखाधड़ी करता है, वह भले ही जीत जाए मगर इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं कमजोर होती हैं और जनता का नतीजों से भरोसा उठ जाता है।


आयोग ने अपने बयान में कहा, कोई भी गलत सूचना न केवल कानून के प्रति अनादर का संकेत है, बल्कि हजारों प्रतिनिधियों को बदनाम और लाखों कर्मचारियों को हतोत्साहित करती है। राहुल ने आयोग के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए एक्स पर लिखा-आप संवैधानिक संस्था हैं। मध्यस्थों को बिना हस्ताक्षर वाले, टालमटोल वाला नोट जारी करना गंभीर सवालों का जवाब देने का तरीका नहीं है। हालांकि राहुल को आरोपों के पुख्ता सबूत देने के प्रयास भी करने चाहिए।

महाराष्ट्र के मतदाताओं में 8% की वृद्धि पर कांग्रेस ने उसी वक्त आपत्ति दर्ज की थी। सत्ता पक्ष का कहना है कि चुनाव में करारी हार को विपक्ष गले नहीं उतार पा रहा। इसलिए आरोप गढ़ कर मोदी सरकार को बदनाम करने का काम कर रहा है। चुनाव आयोग संविधान द्वारा स्थापित संवैधानिक निकाय होने के बावजूद मोदी सरकार के विभिन्न निर्णयों के बाद कई मौकों पर विवादों में आता रहा है। स्वतंत्र-निष्पक्ष चुनाव का दारोमदार अंततः आयोग पर होता है।

मगर पूर्व में चुनाव आयुक्त रह चुके सुकुमार सेन, टीएन शेषन और जेएम लिंग्दोह की तरह कोई भी संस्था की प्रतिष्ठा को अक्षुण्ण रखने में सफल नहीं हो सका। बात भाजपा नेताओं के सांप्रदायिक भाषणों की हो, इलेक्टोरल बॉन्ड या वोट संख्या की बजाय प्रतिशत जारी करने की, बार-बार आयोग पर पक्षपाती होने का आरोप लगा जो लोकतंत्र के लिए उचित नहीं है।

उसे पक्षपाती नहीं होना चाहिए। नियमों की अनदेखी या उपेक्षा पर सभी दलों को फटकार लगाने और जवाबतलबी में संकोच नहीं करना चाहिए। राजनेताओं के तरीके बदल रहे हैं। वे वोट के लोभ में असंवैधानिक और निंदनीय भाषा का इस्तेमाल करते हैं। वोट प्राप्ति के लिए दांव-पेंच करते हैं जिस पर आयोग को कड़ी आपत्ति करनी चाहिए। (आरएनएस)

# प्रोटीन के अलावा भी बहुत कुछ देता है अंडा



अंडा सिर्फ प्रोटीन से ही भरपूर नहीं होता है बल्कि इसके और भी कई फायदे हैं। अगर आप अपने खाने में अंडे को शामिल करते हैं तो इससे सेहत और सौंदर्य से भरपूर मिसाल फायदे मिल सकते हैं। आइए जानते हैं क्या हैं ये 7 फायदे...

मिनरल्स से भरपूर : अंडे में नौ अमीनो ऐसिड होते हैं, जो शरीर की जरूरतों को पूरा करते हैं। इसमें विटमिन ए, बी, बी12, विटमिन डी और विटामिन ई भी भरपूर मात्रा में होते हैं। इसके अलावा यह फॉलेट, सेलेनियम और कई मिनरल्स का अच्छा स्त्रोत है।

मेमरी बढ़ती है : अंडे में मौजूद ओमेगा 3, विटमिन्स और फैटी ऐसिड दिमाग के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसमें कोलीन पाया जाता है, जिसके प्रयोग से मेमरी के साथ दिमाग की कार्यक्षमता बढ़ जाती है और वह बेहतर काम करता है।

डिप्रेशन करे दूर : अगर मूड खराब हो, तो अंडा आपके लिए मददगार है। इसमें मौजूद विटमिन बी-12 तनाव को दूर करने में मदद करता है। इसके अलावा इसमें कुछ ऐसे तत्व भी पाए जाते हैं जो आपके मूड को बेहतर बनाते हैं और डिप्रेशन दूर करते हैं।

प्रेग्नेंसी के दौरान फायदेमंद : गर्भावस्था में भी अंडा एक सेहतमंद फूड है। यह गर्भस्थ शिशु के शारीरिक और मानसिक विकास में मदद करता है। इसके अलावा यह शरीर में जरूरी पोषक तत्वों की पूर्ति करता है। इसलिए डॉक्टर्स भी इस दौरान अंडा खाने की सलाह देते हैं।

रोशनी बढ़ाता है : एक शोध के अनुसार अंडे का सेवन करने से मोतियाबिंद का खतरा कम हो जाता है और आंखों की मांसपेशियां भी मजबूत होती हैं। इसमें मौजूद ऐंटीऑक्सिडेंट्स, रेटीना को मजबूती देने का काम करते हैं।

वेट को करे कंट्रोल : वजन को संतुलित रखने में अंडा बहुत मददगार होता है। इसे खाने के बाद देर तक पेट भरा रहता है और शरीर को ऊर्जा मिलती रहती है, जिससे आपको भूख कम लगती है और आपकी डायट कम हो जाती है। इससे आपका वजन नियंत्रित रहता है।

बालों को मजबूत बनाता है : अंडा प्रोटीन का अच्छा स्त्रोत है, इसलिए यह बालों और नाखूनों के लिए भी बहुत फायदेमंद होता है। यह बालों को मजबूत बनाने के साथ ही उसकी गुणवत्ता में बदलाव लाता है, साथ ही इससे नाखून भी मजबूत होते हैं।

# सुबह उठकर अंगड़ाई लेने के फायदे

सुबह नींद खुलने के बाद एकदम से बिस्तर छोड़ने का मन ज्यादातर लोगों का नहीं होता। ऐसे लोगों के लिए जागने के बाद कुछ देर बिस्तर पर पड़े रहने की बढ़िया वजह है यहां। सबसे अच्छी बात है इसके लिए आपको कोई आलसी भी नहीं कह सकता। आपने देखा होगा इंसान ही नहीं बल्कि जानवर भी स्ट्रेचिंग करते हैं। यह एक प्राकृतिक क्रिया है और जरूरी है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि सुबह जागने के तुरंत बाद स्ट्रेचिंग करने के कई फायदे हैं। यहां जानें ये फायदे...

खुल जाती है नींद

सुबह आंखें खुलने के बाद कई बार आंखों में नींद भरी रहती है और सीधे उठने का मन नहीं करता। जागने के बाद अंगड़ाई लेना या स्ट्रेच करना दिमाग को ये सिग्नल देता है कि अब जागने का टाइम हो गया।

मिलती है एनर्जी

जब सुबह उठकर आप स्ट्रेच करते हैं तो आपके मसल्स और जॉइंट्स की फ्लैक्सिबिलिटी बढ़ती है। इसके साथ ही शरीर में ऊर्जा का संचार भी होता है।

सर्कुलेशन ठीक होता है

सोते वक्त हम अक्सर एकही पोजिशन में लेटे रहते हैं इसलिए सुबह उठकर स्ट्रेचिंग करने से ब्लड सर्कुलेशन सही होता है।

ऐसे करें स्ट्रेच

सुबह सोकर उठने के बाद स्ट्रेच करें तो इस पोजिशन में कम से कम 30 सेकंड्स तक रहें। यह आपकी मसल्स से तनाव दूर करेगा। इसके बाद गहरी सांस लें और एक बार और ऐसे ही स्ट्रेच करें।

# डीप नेक क्रॉप टॉप और हाई-स्लिट स्कर्ट में मोनालिसा ने बढ़ाया इंटरनेट का टेंपरेचर



भोजपुरी फिल्मों की सुपरस्टार मोनालिसा ने एक बार फिर अपने लेटेस्ट लुक से सोशल मीडिया पर कहर बरपा दिया है। उन्होंने ग्रीन कलर की डीप नेक क्रॉप टॉप और हाई-स्लिट स्कर्ट में बेहद ग्लैमरस तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कीं, जिसे देखकर फैंस दीवाने हो गए हैं। मोनालिसा की इन तस्वीरों में उनका स्टाइल, पोज़ और कॉन्फिडेंस जबरदस्त नजर आ रहा है। बाल खुले हुए, मुस्कान चेहरे पर और कैमरे के सामने उनका हॉट अवतार सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। यूज़र्स ने उन्हें फायर, हॉटनेस ओवरलोड और स्टनर जैसे कमेंट्स से नवाज़ा है।

इस पोस्ट को महज कुछ घंटों में हज़ारों लाइक्स और ढेरों कमेंट्स मिल चुके हैं। मोनालिसा की इस फोटो ने फैंस के बीच वीकेंड पार्टी वाइब्स सेट कर दी हैं। यह कहना गलत नहीं होगा कि वह हर लुक में इंटरनेट पर छा जाती हैं।

मोनालिसा का ये बोल्ड और एलिगेंट अंदाज़ उनके फैशन सेंस और परफेक्ट पर्सनैलिटी को दर्शाता है। भोजपुरी इंडस्ट्री की यह खूबसूरत अदाकारा हमेशा कुछ नया लेकर आती हैं, और इस बार का लुक भी फैंस के दिलों में उतर गया है।



# चश्मा पहनने वाली महिलाएं ऐसा करें मेकअप, दिखेंगी आकर्षक

चश्मा पहनने वाली महिलाओं को सबसे बड़ी दिक्कत ये होती है कि चश्मे के कारण उनका मेकअप ढंग से नहीं दिख पाता है। ऐसे में सही मेकअप तकनीकों का उपयोग करके आप न केवल अपनी आंखों को सुरक्षित रख सकती हैं, बल्कि उन्हें और भी आकर्षक बना सकती हैं।

इस लेख में हम आपको कुछ आसान और प्रभावी मेकअप टिप्स देंगे, जिनसे आप बिना किसी चिंता के चश्मा पहनकर भी खूबसूरत दिख सकती हैं।

सही फाउंडेशन चुनें

फाउंडेशन चुनते समय ध्यान रखें कि वह आपकी त्वचा के प्रकार और रंग से मेल खाता हो।

अगर आपकी त्वचा तैलीय है तो मैट फाउंडेशन का उपयोग करें, जबकि सूखी त्वचा वालों को क्रीम बेस्ड फाउंडेशन बेहतर लगेगा।

इसके अलावा फाउंडेशन लगाने के बाद उसे अच्छी तरह मिलाएं ताकि चेहरा प्राकृतिक दिखे और चश्मा लगाने पर कोई धब्बा न लगे।

सही फाउंडेशन आपके चेहरे को निखारने में मदद करेगा और चश्मा पहनने पर भी आपका लुक बेहतरीन रहेगा।

आईलाइनर ऐसा लगाएं

आईलाइनर लगाते समय ध्यान रखें कि वह आपकी आंखों के आकार के अनुसार हो।

अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हल्का सा विंग्ड आईलाइनर आपके लुक को खास बना सकता है, वहीं बड़ी आंखों वाली महिलाएं पूरी आंख के किनारे तक आईलाइनर लगा सकती हैं।

इसके अलावा आईलाइनर लगाने के बाद थोड़ी देर इंतजार करें ताकि वह पूरी तरह सूख जाए और चश्मा लगाने पर कोई धब्बा न लगे।

मस्कारा का सही इस्तेमाल करें

मस्कारा लगाते समय ध्यान रखें कि वह पानी में घुलनशील हो ताकि वह आपकी आंखों को आराम दे सके।

इसके अलावा मस्कारा लगाने से पहले आईलैश कर्लर का उपयोग करें ताकि आपकी पलकों को अच्छी तरह से कर्ल किया जा सके और वे ज्यादा खूबसूरत दिखें।

इसके अलावा मस्कारा लगाने के बाद थोड़ी देर इंतजार करें ताकि वह पूरी तरह सूख जाए और चश्मा लगाने पर कोई धब्बा न लगे।

लिपस्टिक चुनते समय ध्यान दें

लिपस्टिक चुनते समय अपने त्वचा के रंग और मौसम का ध्यान रखें। गर्मियों में हल्के रंग जैसे गुलाबी या पीच बेहतर रहते हैं, जबकि सर्दियों में गहरे रंग जैसे लाल या प्लम ज्यादा अच्छे लगते हैं।

इसके अलावा लिपस्टिक लगाने से पहले होंठों पर बाम लगाएं ताकि होंठ सूखे न हों और उनकी चमक बरकरार रहे।

सही लिपस्टिक आपके होंठों को निखारने में मदद करेगी और आपका लुक बेहतरीन बना सकती है।

इस तरह लगाएं ब्लश

ब्लश लगाते समय ध्यान रखें कि वह आपकी त्वचा के रंग से मेल खाता हो। हल्की सी मात्रा गालों पर लगाएं ताकि चेहरा ताजा दिखे।

इसके अलावा ब्लश लगाने से पहले थोड़ा सा ब्रॉन्जर उपयोग करें ताकि त्वचा प्राकृतिक तरीके से निखरे। सही मात्रा में ब्लश लगाने से आपका चेहरा और भी चमकीला दिखेगा और चश्मा पहनने पर भी आपका लुक बेहतरीन रहेगा। यह तरीका आपके चेहरे को एक नई चमक देगा। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# चश्मे की सफाई के लिए अपनाएं ये 5 सरल और प्रभावी तरीके

चश्मा पहनने वालों को अक्सर चश्मे पर धब्बे और धुंध का सामना करना पड़ता है। ये धब्बे और धुंध न केवल देखने में परेशानी पैदा करते हैं, बल्कि आपके लुक को भी प्रभावित करते हैं।

इन समस्याओं से बचने के लिए सही तरीके से चश्मे की सफाई करना जरूरी है।

आइए आज हम आपको कुछ ऐसे सरल और प्रभावी तरीके बताते हैं, जिन्हें अपनाकर आप अपने चश्मे को बिना किसी नुकसान के साफ रख सकते हैं।



साबुन और पानी का करें इस्तेमाल

चश्मे को साफ करने का सबसे आसान और सुरक्षित तरीका है साबुन और पानी का इस्तेमाल करना।

इसके लिए हल्के गर्म पानी में थोड़ा सा लिक्विड साबुन मिलाएं और फिर इस मिश्रण में अपने चश्मे को कुछ मिनट के लिए छोड़ दें।

इसके बाद चश्मे को साफ पानी से धो लें और मुलायम कपड़े से पोंछ लें। यह तरीका आपके चश्मे को साफ रखने के साथ-साथ उसे सुरक्षित भी रखता है।

माइक्रोफाइबर कपड़े का करें उपयोग

चश्मे की सफाई के लिए माइक्रोफाइबर कपड़े का उपयोग करना बहुत अच्छा होता है।

यह कपड़ा न केवल धूल-मिट्टी को आसानी से हटाता है, बल्कि आपके लेंस को भी खरोंचने से बचाता है।


जब भी आपको लगे कि आपके चश्मे पर धूल या धुंध है तो इसे हल्के हाथों से साफ करें। ध्यान रखें कि गंदे कपड़े का इस्तेमाल न करें क्योंकि इससे धूल-मिट्टी और अन्य कण चश्मे पर रह सकते हैं।

क्लिनिंग सॉल्यूशन का करें इस्तेमाल

बाजार में कई तरह के चश्मे साफ करने वाले क्लिनिंग सॉल्यूशन उपलब्ध होते हैं, जो आपके चश्मे को बेहतरीन तरीके से साफ कर सकते हैं।

इनमें ऐसे तत्व होते हैं, जो धब्बों और धुंध को आसानी से हटाते हैं। इनका उपयोग करने से आपके चश्मे की चमक बनी रहती है और वे लंबे समय तक नए जैसे दिखते हैं।

इन क्लिनिंग सॉल्यूशन का उपयोग करते समय निर्देशों का पालन करें ताकि आपके चश्मे को कोई नुकसान न पहुंचे।



हाथों की उंगलियों का करें उपयोग

अगर आपके पास चश्मे साफ करने के लिए कोई उपकरण नहीं है तो आप अपनी उंगलियों का भी उपयोग कर सकते हैं।

इसके लिए अपने हाथों को अच्छे से धो लें और फिर हल्के हाथों से अपने चश्मे को साफ करें।

यह तरीका बेहद सरल और प्रभावी है, जिससे आपके चश्मे न केवल साफ रहेंगे बल्कि उनकी फिटिंग भी सही रहेगी।

इस तरह आप बिना किसी उपकरण के अपने चश्मे को आसानी से साफ कर सकते हैं।

नियमित सफाई रखें ध्यान

अपने चश्मे की नियमित सफाई करना बहुत जरूरी है ताकि धूल-मिट्टी और धुंध जमा न हो सके।

हफ्ते में कम से कम एक बार अपने चश्मे को साबुन-पानी या विशेष द्रव से जरूर साफ करें।

इन सरल तरीकों को अपनाकर आप अपने चश्मे को हमेशा साफ-सुथरा रख सकते हैं और उनकी फिटिंग भी सही बनी रहेगी। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -78


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. रूचिकर लगने वाली, रूचि के अनुकुल, चुनी हुई 3. राजाओं के बैठने का आसन 6. श्रमिक 7. कार्य, काज 9. वाद्ययंत्र आदि बजाने वाला 10. सहारा, सहायक वस्तु 11. शर्म, लाज, हया 12. मक्खन, माखन 14. श्रीमती राबड़ी देवी इस प्रदेश की मुख्यमंत्री हैं 15. चंद्रमा, रजनीश, चांद 18. पुस्तक 20. अवधि, समय 21. तर्क वितर्क और कहा-सुनी, जबानी झगड़ा 22. सूरत, आकार 23. झुका हुआ, नत।

**ऊपर से नीचे**

1. पंद्रह दिन का समय, शुक्ल या कृष्ण पक्ष 2. आग बुझाने की मशीन 3. हिंदु विवाहित स्त्री के मांग में भरने का लाल चूर्ण 4. पराजय, माला 5. मुंह ढकने का कपड़ा, घुंघट 8. चंदन, दक्षिण का एक पर्वत 10. व्यवस्थित करना, सजाना, स्वभाव आदि का परिष्कार, शुद्ध संबंधी कृत्य 12. विशालता, बड़प्पन, महान होने का भाव 13. अड़चन, रुकावट 15. जमीन के अंदर गहरा और लंबा रास्ता, अच्छे रंग का 16. बेवकूफ, मूर्ख, अहमक 17. औसत के हिसाब से 18. कृषक 19. अधिक, ज्यादा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 77 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | ल | | आ | वा | जा | ही | | |
| मा | | खू | ब | | दू | र | स्थ | |
| ना | दा | न | | सा | ग | | ल | क्ष्य |
| | न | ख | | त | र | ल | | |
| | वी | रा | न | | | च | ट | क |
| | र | ब | | आ | ज | क | ल | |
| | | | आ | ग | | दा | ना | |
| | अ | ग | र | म | ग | र | | क्रो |
| भा | भी | | ती | न | | | व | ध |



# राजकुमार राव गैंगस्टर अवतार में आए नजर

राजकुमार राव की एक्शन फिल्म मालिक' का टीजर आज जारी हो गया है। एक्शन से भरपूर इस फिल्म में राजकुमार खून बहाते नजर आए हैं। अलग-अलग किरदारों में अपनी एक्टिंग का लोहा मनवाने वाले राजकुमार राव अब फुल एक्शन मोड में मालिक' बनकर आ रहे हैं। टीजर में राजकुमार राव के दो लुक दिखे हैं। एक में वो बड़ी दाढ़ी और बड़े बालों में नजर आ रहे हैं। जबकि एक लुक में वो बड़े बालों के साथ क्लीन शेव में दिख रहे हैं। मालिक के जरिए राजकुमार राव गैंग्स ऑफ वासेपुर' के साथ एक्शन जॉनर में लौटे हैं।

1 मिनट 21 सेकेंड के इस टीजर में राजकुमार राव काफी खतरनाक अंदाज में नजर आए हैं। राजकुमार राव का ये खतरनाक अंदाज इससे पहले कभी देखने को नहीं मिला है। टीजर की शुरुआत राजकुमार से होती है, जो हाथ में बन्दूक पकड़े बिस्तर से उठते दिखाई दे रहे हैं और हक की रोटी को छिनने की बात कर रहे हैं। फिल्म में साल 1988 के इलाहाबाद (अब प्रयागराज) की कहानी देखने को मिलेगी। जिसमें सरेआम राजकुमार लोगों को मौत के घाट उतारते दिखाई दे रहे हैं। टीजर में काफी ज्यादा खूनखराबा देखने को मिला है। जो ये दर्शाता है इस फिल्म में जबरदस्त वॉयलेंस नजर आने वाला है।

टीजर को शेयर करते हुए राजकुमार राव ने कैप्शन में लिखा है, पैदा नहीं हुए तो क्या बन तो सकते हैं मालिक। मालिक को मिलने आ जाना 11 जुलाई को सिर्फ सिनेमाघरों में।' टीजर और फिल्म के पोस्टर में राजकुमार राव खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। टीजर को देखकर ऐसा मालूम पड़ता है कि इस फिल्म में भी एनिमल' और मार्को' जैसा एक्शन और खूनखराबा देखने को मिल सकता है। कॉमेडी और रोमांस करते आए राजकुमार अब इस एक्शन पैक्ड फिल्म से बॉक्स ऑफिस के मालिक' बनने की तैयारी में हैं।

इस खतरनाक टीजर के सामने आने के बाद अब फैंस इसके ट्रेलर और फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। पुलकित द्वारा निर्देशित मालिक' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

# अदनान सामी की धमाकेदार वापसी, आओ ना गाने का रोमांटिक और दिल छू लेने वाला पहलू

प्यार कभी सीधा-सादा नहीं होता उसमें होता है शरारत, अनजाने मोड़ और कभी-कभी बस एक सही गाने की ज़रूरत। अदनान सामी की मोहक धुन और आशा भोसले की सदाबहार आवाज़ के साथ आओ ना' दिल की वो भाषा बोलता है जो हर कोई समझता है।

टी-सीरीज़ के साथ अदनान सामी की इस धमाकेदार वापसी में संगीत का पुराना रंग और आज का ताजापन - दोनों एकसाथ महसूस होते हैं। कुणाल वर्मा द्वारा लिखे इस गीत में तबला, गिटार, सिंथेसाइज़र और ड्रम्स का ऐसा तालमेल है जो हर दिल को छू लेता है। ये गाना सिर्फ रोमांस नहीं, बल्कि रिश्तों को एक और मौका देने की उम्मीद भी जगाता है।

मैं चाहता था कि आओ ना' एक ऐसा लव सॉन्ग बने जो हल्का-फुल्का हो, दिल को छू जाए और रिश्तों की मिठास को बयां करे उनके उतार-चढ़ाव और उन छोटी-छोटी बातों को, जो प्यार को खास बनाती हैं। आशा जी के साथ फिर से काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। और टी-सीरीज़ के साथ वापसी करना तो जैसे अपने घर लौट आने जैसा है।

आओ ना' सिर्फ प्यार में पड़ने की बात नहीं करता ये सिखाता है कि कैसे उस प्यार को जिया जाए, हँसी-खुशी, तकरार और इंतज़ार हर अहसास के साथ।

# बीच पर मस्ती करती दिखीं अवनीत कौर



अवनीत कौर एक बार फिर अपने बोल्ड अंदाज को लेकर सोशल मीडिया पर छा गई हैं। एक्ट्रेस और डांसर अवनीत ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर एक लेटेस्ट वीडियो शेयर किया है जिसमें वह बीच पर पर्पल बिकिनी और एनिमल प्रिंट स्कर्ट में वॉक करती नजर आ रही हैं। खुले बाल, फिट फिगर और प्यारी स्माइल उनके इस लुक को बेहद दिलकश बना रही है। अवनीत ने वीडियो के कैप्शन में लिखा,

और इसके साथ बीच, सूरज और शांति वाले इमोजी शेयर किए हैं। इस पोस्ट पर देखते ही देखते हजारों लाइक्स और कमेंट्स आ चुके हैं। फैंस उनके इस बीच लुक पर जमकर प्यार लुटा रहे हैं। कोई उन्हें सनशाइन गर्ल कह रहा है तो कोई हॉट एंड फायर लुक बता रहा है। अवनीत कौर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और अक्सर अपनी बोल्ड और ग्लैमरस तस्वीरों और वीडियो से फैंस को इंप्रेस करती रहती हैं। उनका हर पोस्ट वायरल हो जाता है और यही वजह है कि इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लगातार बढ़ रही है।

अवनीत का यह बीच लुक न सिर्फ हॉटनेस से भरपूर है बल्कि उनके कॉन्फिडेंस और स्टाइल स्टेटमेंट को भी बखूबी दर्शाता है। वह जिस तरह से कैमरे के सामने कम्फर्टेबल नजर आती हैं, उससे साफ है कि वह न सिर्फ एक बेहतरीन एक्ट्रेस हैं बल्कि एक फैशन आइकन भी हैं। अब फैंस को उनकी अगली फिल्म और फोटोशूट का बेसब्री से इंतजार है।

# ब्लैक फ्लॉरल कटआउट ड्रेस में मानुषी छिल्लर ने बढ़ाया इंटरनेट का तापमान



मिस वर्ल्ड रह चुकीं और बॉलीवुड की उभरती हुई एक्ट्रेस मानुषी छिल्लर एक बार फिर अपने हॉट और ग्लैमरस अंदाज से सोशल मीडिया पर छा गई हैं। हाल ही में उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं जिसमें वह ब्लैक फ्लॉरल कटआउट ड्रेस में कहर ढा रही हैं। इन तस्वीरों में उनका अंदाज काफी अट्रैक्टिव और स्टनिंग लग रहा है। इस लेटेस्ट फोटोशूट में मानुषी ने एली इंडिया के लिए पोज़ दिया है और कैप्शन में लिखा है - सावधानी से संभालें। उनका यह स्टेटमेंट और लुक दोनों ही सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है। सेलेब्स से लेकर फैन्स तक सभी उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

ड्रेस की बात करें तो यह एक ब्लैक लेसी कटआउट ड्रेस है जिसमें 3डी फ्लोरल डिटेलिंग की गई है। ड्रेस उनके फिगर को बेहद खूबसूरती से कॉम्प्लिमेंट कर रही है। न्यूड मेकअप, स्टेटमेंट इयररिंग्स और बन हेयरस्टाइल ने उनके लुक को और भी ग्लैमरस बना दिया है। मानुषी छिल्लर की ये फोटोज़ कुछ ही घंटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स बटोर चुकी हैं। अर्जुन कपूर समेत कई सेलेब्स ने भी उनके लुक पर रिएक्ट किया है। कमेंट सेक्शन में एक यूजर ने लिखा - एक बल जबकि किसी ने कहा - आप हमेशा की तरह अद्भुत लग रहे हैं!

मानुषी का यह बोल्ड और एलिगेंट लुक यह साबित करता है कि वह न केवल ब्यूटी क्वीन हैं बल्कि आने वाले वक्त की स्टाइल आइकन भी हैं।

# मृत्यु स्वाभाविक चरण और शात सत्य है

अमरपाल सिंह वर्मा

पिछले दिनों दक्षिण भारत का एक वीडियो जो वायरल हुआ है, खूब देखा जा रहा है। वीडियो एक विवाह समारोह का है, जिसमें दूल्हे के दिवंगत पिता को स्वर्ग से उतरते हुए दिखाया गया है। वह अपनी पत्नी और बेटों से मिलते और समारोह में शामिल होकर भोजन करते हुए भी नजर आते हैं।

इसके बाद उन्हें फिर स्वर्ग' प्रस्थान करते दिखाया गया है। वीडियो को देख अनेक लोग हैरान हैं। कई लोग इसे देख भावुक भी हो उठते हैं पर इस वीडियो ने कई सवाल भी खड़े कर दिए गए हैं। दरअसल, यह वीडियो एआई तकनीक से बनाया गया है जिसने डिजिटल क्रांति की तेज लहरों में बहते हुए अब जीवन की अंतिम सीमा यानी मृत्यु को भी तकनीकी प्रयोगों का हिस्सा बना दिया है। ये प्रयोग पश्चिमी देशों में खूब फल-फूल रहे हैं, और इसकी बदौलत वहां बाकायदा एक बड़ा उद्योग खड़ा हो गया है, जिसे डेथ टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज' नाम दिया गया है। दक्षिण भारत के वीडियो से पता चलता है कि अब भारत में भी इसके अंकुर फूटने लगे हैं।

बड़ा सवाल यह है कि यह हमारे समाज में उगता हुआ भविष्य है, या भावनात्मक व्यापार? भारत में इसके लिए कारोबारी संभावनाएं तलाशने के लिए काम हो रहा है। जिस घर में भी मृत्यु होती है, वहां के लोगों को सांत्वना की जरूरत होती है। अपने परिजनों को खो देने वाले लोगों के घर तक जा कर सांत्वना देना हमारे समाज का स्थापित लोकाचार है, जिसमें तकनीक शामिल हो गई है। कई डिजिटल श्रद्धांजलि वेबसाइट्स, ऑनलाइन श्राद्ध और पूजा सेवाएं वगैरह पहले से हैं। इसमें नया अवतार है होलोग्राफिक प्रोजेक्शन, जिसमें मृत व्यक्ति जीवित' दिखाई देता है।

बड़ा सवाल यह है कि इस उद्योग के फैलने का समाज पर असर क्या होगा? क्या यह वास्तव में भावनात्मक सुकून का जरिया है, या माननीय संवेदनाओं से खेल कर पैसा बनाने का धंधा? बहरहाल, भले ही इस तकनीक का उद्देश्य श्रद्धा और स्मृति को बनाए रखना है, परंतु इसके दुष्परिणामों को अनदेखा नहीं किया जा सकता। हमारे जीवन दर्शन में मृत्यु स्वाभाविक चरण और शात सत्य है, जिसका घटना लाजिमी है। हमें मृत्यु को स्वीकार कर आगे बढ़ना सिखाया जाता है, फिर भी यदि हम अपने परिजनों को पुनजीर्वित होते देखते हैं, तो सवाल उठता है कि क्या हम मृत्यु को स्वीकार कर पा रहे हैं?

श्रद्धांजलि अर्पित करना अलग बात है पर जब हम तकनीक से मृतकों को पुनर्जीवित' करते हैं, तो क्या हम सच में श्रद्धांजलि दे रहे हैं, या अपने मोह और मृत्यु को अस्वीकार करने को तकनीकी जामा पहना रहे हैं? परिजन की मृत्यु को स्मृतियों में सहेजना और उससे प्रेरणा लेना तो समझ में आता है पर उस मृत्यु को न होने' जैसा दिखाना घट चुके सच को भावनात्मक रूप से अस्वीकार करना ही तो कहा जाएगा। लिहाजा, हमें देखना पड़ेगा कि यह उद्योग कहीं मृत्युरूपी सत्य को अनदेखा' करने का माध्यम तो नहीं बन रहा? हम दिवंगत की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हैं, इसके लिए पारंपरिक धार्मिक विश्वासों के आधार पर क्रिया-कलाप भी करते हैं। आत्मा को मोक्ष मिले, इसके लिए प्रार्थनाएं की जाती हैं। किसी की मृत्यु के उपरांत हम उसकी आत्मिक शांति के पक्ष में हैं, तो उसे बार-बार वर्चुअली बुलाना, एआई के जरिए उससे संवाद' करना, क्या आत्मा को बांधने के क्रियाकलाप में नहीं गिना जाएगा? क्या यह सब उस आत्मा की शांति में हस्तक्षेप नहीं होगा? जिस व्यक्ति के मोक्ष की हम कामना कर चुके, उसे इस प्रकार रूबरू कर लेना क्या पुन- आह्वान नहीं कहलाएगा?

दिवंगतों के होलोग्राम को बार-बार देखना क्या वियोग के दुःख को बढ़ाएगा नहीं? हमारे देश, जहां मानसिक बीमारियों को बीमारी ही नहीं माना जाता है, में यह तकनीक परेशानी को बढ़ाने का सबब बन सकती है। इससे अनेक वृद्धों, भावुक व्यक्तियों, मानसिक रूप से संवदेनशील और दिमागी तौर पर अस्वस्थ लोगों की समस्याएं बढ़ सकती हैं। होलोग्राम पर मृतकों को बार-बार देखना और चैटबॉट्स के जरिए उनसे बातें करना' ऐसे लोगों को भ्रमित कर सकता है। डेथ टेक्नोलॉजी इंडस्ट्रीज भारत में अपने आरंभिक चरण में है लेकिन इसके बीज बोए जा चुके हैं।

मृत्यु शात सत्य है और हमारे यहां इसे स्वीकार कर आगे बढ़ने पर जोर दिया जाता है पर बड़ा सवाल है कि क्या यह उद्योग इस विचार के विरुद्ध नहीं है? निश्चित रूप से यह उद्योग मृत्यु का बाजारीकरण है। बाजारवाद के कंधों पर सवार तकनीक के जरिए श्रद्धा का अर्थ ही बदल जाएगा। जब कोई व्यक्ति नहीं रहेगा एवं एआई के जरिए उसकी उपस्थिति दर्ज की जाएगी और उसके लिए पैसा लिया जाए तो यह श्रद्धा नहीं, एक उत्पाद ही तो कहलाएगा। यह उद्योग उस विचार के विपरीत है जो कहता है कि मिट्टी में मिल जाना ही जीवन की पूर्णता है। क्या यह आत्मा की मुक्ति के विरुद्ध नहीं है? तो क्या इस उद्योग को नकार देना चाहिए? जरूरी नहीं कि हम इसे नकारें। नकारने की बजाय हमें श्रद्धा और तकनीक के बीच संतुलन बनाना चाहिए। (ये लेखक के अपने विचार हैं)

# विवेक अग्निहोत्री की द दिल्ली फाइल्स के शीर्षक में बदलाव

बॉलीवुड के मशहूर फिल्म मेकर विवेक अग्निहोत्री ने पिछले साल द दिल्ली फाइल्स का एलान किया था। विवेक अग्निहोत्री की इस फीचर फिल्म को पहले इसी साल स्वतंत्रता दिवस पर रिलीज किया जाना था। लेकिन, अब इसमें कई बदलाव किए गए हैं। फिल्म मेकर विवेक अग्निहोत्री ने द दिल्ली फाइल्स पर अपडेट साझा किया है। उन्होंने द दिल्ली फाइल्स का नाम बदल दिया है। साथ ही फिल्म की रिलीज डेट में भी बदलाव किया है।

द दिल्ली फाइल्स पर विवेक अग्निहोत्री ने एक नए पोस्टर के साथ अपडेट साझा किया है। उन्होंने अपने फैंस को बताया कि उन्होंने अपनी आगामी फिल्म द दिल्ली फाइल्स का नाम और रिलीज डेट बदल दिया है। उनके फिल्म का नाम पहले द दिल्ली फाइल्स- द बंगाल चैप्टर था। इस फिल्म को इसी साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर 15 अगस्त को रिलीज किया जाना था। लेकिन, अब इसमें बदलाव किया गया है।

विवेक ने फिल्म का नया पोस्टर साझा कर फिल्म के बारे में जानकारी देते हुए कैप्शन में लिखा है, बिग अनाउंसमेंट- द दिल्ली फाइल्स अब द बंगाल फाइल्स हो गई है। 5 सितंबर 2025 को सिनेमाघरों में।

विवेक अग्निहोत्री की अगली फिल्म का नाम बदलकर अब द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ हो गया है। अभिषेक अग्रवाल और पल्लवी जोशी की निर्मित इस फिल्म का टीजर 12 जून को रिलीज किया। जबकि, यह फिल्म टीचर डे के मौके पर 5 सितंबर को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा।

मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर और पल्लवी जोशी अभिनीत द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ की कहानी की बात करें तो यह फिल्म 1940 के दशक के दौरान बंगाल में हुई सांप्रदायिक हिंसा, विशेषकर डायरेक्ट एक्शन डे और नोआखली दंगों जैसी घटनाओं पर आधारित है। विवेक अग्निहोत्री ने इन घटनाओं को हिंदू नरसंहार बताया है और कहा है कि फिल्म भारतीय इतिहास के उस अध्याय को उजागर करने का कोशिश करेगी, जिसे बड़े पैमाने पर नजरअंदाज किया गया है।

द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ के स्टार कास्ट की लिस्ट में मिथुन चक्रवर्ती, अनुपम खेर और पल्लवी जोशी मुख्य भूमिकाओं में हैं। द बंगाल चैप्टर का निर्देशन विवेक ने किया है और इसका निर्माण उनकी स्टार वाइफ पल्लवी जोशी और अभिषेक अग्रवाल ने मिलकर किया है।

बता दें, द बंगाल फाइल्स- राइट टू लाइफ अग्निहोत्री फाइल्स ट्रायोलॉजी की तीसरी फिल्म है, इससे पहले द ताशकंद फाइल्स (2019) और द कश्मीर फाइल्स (2022) आई थीं।

## सू- दोकू क्र.78

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.77 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

# ईरान पर इसराइल का मिसाइलों से हमला, मध्य एशिया में तबाही संकेत ?

अजय दीक्षित

ईरान की राजधानी तेहरान में इजरायली मिसाइलों और ड्रोन के हमलों से लगभग 1000 वर्ग किलोमीटर में भीषण विस्फोट हुए।इन हमलों में 78 सेना के कमांडर और कई वैज्ञानिक मारे गए। यह संयोजित हमला था।तेल अबीब में इसराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने कहा कि यह हमला हमने किया है और इस तरह के और भी हमले इसराइल ईरान के न्यूक्लियर कार्यक्रम को नेस्तानाबूद करने के लिए करता रहेगा जब तक कि पूरी तरह खत्म नहीं हो जाता है।दूसरी ओर ईरान के सर्वोंच नेता अयातुल्ला अली खुमैनी ने कहा कि इसराइल को खून के आंसू रोने पड़ेंगे।ईरान इसराइल से पूरा बदला लेगा उन्होंने इस हमले को अमेरिका की घृणित नीति बताया है। शुक्रवार की नमाज में ईरान ने नागरिकों की एक जुटाता दिखाई।

मध्य एशिया में अब हालत बहुत खराब होने वाले हैं। आज के हमलों के बाद अंतराष्ट्रीय तेल बाजार में क्रूड ऑयल के दाम आठ फीसदी बढ़ गए हैं क्योंकि ईरान , लीबिया, सीरिया, लेबनान, सऊदी अरब, कतर, यमन, दोहा, कुवैत, इसराइल,इराक क्रूड ऑयल के सबसे बड़े उत्पादक देश हैं।पूरे विश्व में क्रूड ऑयल इन देशों से निर्यात किया जाता है।

पहले ही विगत डेढ़ साल से हमास और इसराइल युद्ध चल रहा है।हमास पालिस्टिन के शासक है। पालिस्टिन में हालत बहुत खराब है।गाजा में बड़े, ब'चे, बुजुर्ग भूखे



मर रहे हैं।

लोग अंतराष्ट्रीय राहत सामग्री को लूट रहे हैं और इजरायली सेना की गोलियों का शिकार बन रहे हैं।

इसराइल और अमेरिका दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं

ताजा मामला में अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने कि हमारा इस हमले कोई लेना देना नहीं है। लेकिन अमेरिका ईरान से कहना चाहते हैं कि ईरान को न्यूक्लियर कार्यक्रम के बारे में जानकारी देना चाहिए।अगर इजरायल का अस्तित्व इससे जुड़ा है तो इज़राइल को विश्वास में लिया जा सकता है

लेकिन ईरान के सर्वोंच नेता अयातुल्ला खुमैनी इजरायल को सबक सिखाने चाहते हैं।

यह लड़ाई अब येरूशलम और मक्का मदीना की बनती जा रही है। मध्य एशिया के देश इज़राइल का स्थाई हल चाहते हैं। क्योंकि फलस्तीन पूरी तरह अपनी जमीन खो चुकी है। अब बस गाजा पट्टी में ही जगह है।

ईरान हमेशा से लगभग 45 वर्षों से अमेरिका के खिलाफ है।

16,लाख वर्ग किलोमीटर में फैले इस नौ करोड़ आबादी वाली ईरान को पूर्व में फारस कहते थे। यहां 1800 ईसवी से पहलवी सल्तनत थी और रजा पहलवी शासक थे।195× में उनका पुत्र अली पहलवी शासक हुआ।1979 में फरवरी में ईरानी क्रांति हुई और इस्लामिक गणरा'य बना तेहरान को राजधानी बनाया गया था। वर्तमान सर्वोंच नेता अयातुल्ला अली खुमैनी के पिता अयातुल्ला खुमैनी सर्वोंच नेता बने।

उस दौर में सौ अमेरिका पर्यटकों को बंधक बनाया गया था और एक साल तक नहीं छोड़ा गया था। तत्कालीन राष्ट्रपति जिम्मी कार्टर अगले चुनाव में इसी लिए हार गए थे।

# त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः आरक्षण व्यवस्था नियमावली की अधिसूचना की प्रक्रिया गतिमानः चंद्रेश कुमार

संवाददाता

देहरादून। पंचायतीराज सचिव चंद्रेश कुमार ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायती चुनावों में आरक्षण व्यवस्था से सम्बन्धित नियमावली की अधिसूचना की प्रक्रिया गतिमान है।

आज यहां सचिव पंचायतीराज चंद्रेश कुमार ने अवगत कराया कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनावों में आरक्षण व्यवस्था से संबंधित नियमावली की अधिसूचना (गजट नोटिफिकेशन) की प्रक्रिया गतिमान है। उन्होंने बताया कि उच्च न्यायालय, नैनीताल द्वारा वर्तमान में पंचायतों में आरक्षण प्रक्रिया पर अंतरिम आदेश (स्थगन) पारित किया गया है, जिसकी समुचित रूप से अनुपालना की जा रही है। सचिव पंचायतीराज ने कहा कि आरक्षण नियमावली 2025 की गजट नोटिफिकेशन की प्रति प्रिंटिंग के लिए राजकीय प्रेस रुड़की में गतिमान है, जिसे शीघ्र जारी कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा, ताकि स्थिति से अवगत कराते हुए उचित न्यायिक मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सके। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि राज्य सरकार न्यायालय की पूर्ण गरिमा एवं निर्देशों का सम्मान करते हुए पंचायतीराज व्यवस्था को संविधान व विधि सम्मत रूप से संचालित करने हेतु प्रतिबद्ध है।

# एटीएम कार्ड बदलकर निकाले 50 हजार रुपये

संवाददाता

देहरादून। एटीएम कार्ड बदलकर 50 हजार रूपये निकालने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हरर्बटपुर निवासी राम नारायण ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह क्षेत्र मुं स्थित पीएनबी के एटीएम में से रूपये निकालने गया था। उससे वहां पर दो आदमी पहले से ही मौजूद थे। उसने एटीएम से पैसे निकालने का प्रयास किया तो वह कामयाब नहीं हो सका तभी उक्त दोनों ने उसको मदद करने के लिए और उसका एटीएम कार्ड बदल दिया। उसका पता उसको तब चला जब उक्त लोगों ने उसके एटीएम कार्ड से उसके खाते से पचास हजार रूपये निकाल लिया जिसका मैसेज जब उसके पास आया तो उसको पता चला कि उसका एटीएम कार्ड बदल गया है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# आरक्षण के मानको पर भाजपा सरकार ने किया खेलः शर्मा

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण के मानकों पर भाजपा सरकार ने खेल किया। आज यहां कांग्रेस पार्टी के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में आरक्षण के मानकों पर भाजपा सरकार ने खेल किया। इसका नतीजा रहा कि मामला नैनीताल उच्च न्यायालय गया और फिलहाल चुनाव स्थगित किया। कांग्रेस का कहना है साल 2011 की जनगणना के हिसाब से आरक्षण 33 फीसदी था, लेकिन भाजपा सरकार ने आगामी पंचायत चुनाव के चलते आरक्षण 50 फीसदी कर दिया। ऐसे में मामला एक याचिका पर हाइकोर्ट गया और सुनवाई में चुनाव स्थगित कर दिया। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा सरकार आरक्षण को अपने हिसाब से तय करके चुनाव करा रही थी, जिससे चुनाव पर जीत दर्ज की जा सके। कांग्रेस का कहना है कि भाजपा सरकार ने इस चुनाव को प्रभावित करने के लिए पहले ही हथकंडे अपनाने शुरू कर दिए थे। इस याचिका की सुनवाई के बाद भाजपा सरकार की पोल खुलकर सामने आई है। कांग्रेस की मांग है कि नियमों के तहत और निष्पक्ष तरीके से पंचायत के चुनाव कराएं जाएं।

# दीपक कुमार क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट सोसाइटी के कानूनी सलाहकार नियुक्त

देहरादून। क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट समिति की गवर्निंग बॉडी के सदस्यों की बैठक संपन्न हुई। बैठक में दीपक कुमार को क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट सोसाइटी का कानूनी सलाहकार नियुक्त किया गया। बैठक का मुख्य एजेंडा ये था कि आगामी माह जुलाई से समिति के वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू होने वाले है।

इसी क्रम में समिति द्वारा बैठक आयोजित की गई और वृक्षारोपण कार्यक्रमों की विशेष रूपरेखा तैयार की गई। इस वर्ष क्लीन एंड ग्रीन एनवायरनमेंट सोसाइटीद्वारा 2500 से अधिक वृक्ष देहरादून में लगाने का रखा गया है, जिसमें सरकारी विद्यालय, सरकारी कार्यालय, सड़के, ग्राम पंचायत भूमि इत्यादि क्षेत्र शामिल किए जाएंगे। बैठक में समिति के अध्यक्ष राम कपूर, अमरनाथ कुमार, शंभू शुक्ला, जेपी किमोठी, दीपक कुमार, अमित चौधरी, गगन चावला, रणदीप अहलूवालिया और दीपक वासुदेव उपस्थित रहे।

# कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

संवाददाता




देहरादून। मलिन बस्तियों को उजाड़ने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन कर भाजपा सरकार का पुतला दहन किया।

आज यमुना कॉलोनी चौक चकराता रोड में कांग्रेस पार्टी के पुराने वरिष्ठ नेता एवं युवा कांग्रेस के दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा गरीब बस्तियों को उजाड़ने, पुनर्वास न देने और गरीब बस्ती वासियों को मालिकाना हक न दिए जाने के विरोध में भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया। इस मौके पर सभी नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने यह निर्णय लिया कि यह लड़ाई लंबी है और इसको निरंतर जारी रखा जाएगा, जब तक बस्ती वालों के हक में परिणाम नहीं आता।

इस अवसर पर उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मलिन बस्ती प्रकोष्ठ के पूर्व अध्यक्ष संजय शर्मा ने कहा कि भाजपा ने 2022 के अपने घोषणा पत्र में और मुख्यमंत्री और मेयर ने नगर निकाय के चुनाव में बार-बार यह घोषणा की थी कि किसी भी बस्ती का एक भी घर नहीं तोड़ा जाएगा परंतु प्रतीत होता है कि इन्हें मोदी की तरह सफेद झूठ बोलने की आदत है और ये भी जुम्लेबाज है। कांग्रेस मेयर प्रत्याशी रहे विरेंद्र पोखरियाल ने कहा कि कांग्रेस ने बस्तियों को बसाने का काम किया है और जब तक उनके पुनर्वास की व्यवस्था ना हो जाये तब तक की लड़ाई लड़ी जायेगी और बस्ती वासियों को उनका पूरा हक दिलाने के लिए संघर्ष करेगी।

लालचंद शर्मा ने कहा कि गरीब बस्ती वासियों को उजड़ने से रोकने के लिए संघर्ष का हर कदम उठाया जाएगा। युवा नेता रितेश छेत्री ने कहा कि देहरादून और बस्तियों के युवा, बस्तियों को बचाने के लिए ईंट का जवाब पत्थर से देंगे। जब तक प्रदेश सरकार बस्ती वासियो को न उजड़े जाने का आश्वासन, पुनर्वास की व्यवस्था एवं मालिकाना हक देने का निर्णय नहीं लेगी तब तक निरंतर कांग्रेस बस्तियों को न्याय दिलाने के लिए कड़ा संघर्ष करेगी। इस अवसर पर सुमित्रा ध्यानी, रिपु दमन सिंह, संजय थापा, चरणजीत कौशल, धर्म सोनकर, सुनील जायसवाल, सुने गोयल, चंद्र मोहन काला, टीटू त्यागी, दीप वोहरा, पंकज क्षेत्री, अभिनव थापर, मुकेश चौहान, जगदीश धीमान, मोहन जोशी, महेश बघेल, कुलदीप जखमोला, संजय काला, अल्ताफ, पीयूष जोशी, मोनी मेहता, गौतम सोनकर, मुकेश शर्मा, विनीत सिंह, सुरेंद्र सैनी, कैलाश वाल्मीकि आशीष देसाई, रघु गुप्ता, सुरेंद्र तोमर, राजीव प्रजापति, नरेश गांधी, संजय बिरला आदि मौजूद रहे।

# विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर ठगे 6 लाख रुपये

देहरादून (सं)। विदेश में नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूषा फार्म गुमानीवाला निवासी विजय नेगी ने ऋषिकेश कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान श्यामपुर निवासी सोमेन्द्र चौहान से हुई। सोमेन्द्र ने उसको बताया कि वह लोगों की विदेश में नौकरी लगाता है। अगर उसको किसी को भेजना हो तो बताना। जिसके बाद उसने सोमेन्द्र से सम्पर्क कर अपनी नौकरी की बात कही तो सोमेन्द्र ने कहा कि पैसा लगेगा। जिसके बाद सोमेन्द्र ने उसको कागजात व वीजा दिलाने के नाम पर छह लाख रूपये लिये और काफी समय बीत जाने के बाद भी उसकी नौकरी नहीं लगी तो उसने सोमेन्द्र से अपने रूपये वापस मांगे तो उसने उसके साथ गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी।

# बस्तियों में 2016 से पहले निर्मित घरों को न दें नोटिसः जोशी

संवाददाता



देहरादून। मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के अध्यादेश को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2016 से पूर्व निर्मित घरों को न तो नोटिस दिया जाए और न ही तोड़ा जाए।

आज यहां राजपुर स्थित काठबंगला में वर्ष 2016 से पहले निवास करने वाले लोगों को नोटिस दिये जाने के सम्बन्ध में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने नगर निगम एवं एमडीडीए के अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सरकार के अध्यादेश को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2016 से पूर्व निर्मित घरों को न तो नोटिस दिया जाए और न ही तोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यहां के कई निवासी नगर निगम को पिछले लम्बे समय कर भुगतान भी कर रहे हैं। मंत्री ने सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा गरीबों को छत दी है और हमारी कोशिश होगी कि किसी भी गरीब का घर न टूटे। बैठक में एमडीडीए के सचिव मोहन सिंह बर्निया, नगर मजिस्ट्रेट प्रत्युष सिंह, पूर्व पार्षद मंजीत रावत, रामसेवक सहित नगर निगम एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# कांवड़ मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस की कवायद जारी

हमारे संवाददाता



हरिद्वार। आगामी कावंड मेला के दृष्टिगत कोतवाली नगर पुलिस द्वारा चौकी हर की पैडी, चौकी खडखडी एंव चौकी सप्तऋषि क्षेतान्तर्गत के समस्त होटल प्रबन्धक व्यापार मण्डल के पदाधिकारी एव टेक्सी टेम्पो, ओटो, बैट्री रिक्शा यूनियन के पदाधिकारी गणो के साथ गोष्ठी आयोजित की गई।

मीटिंग में कावंड मेला से सम्बन्धित आवश्यक दिशा निर्देशो से अवगत कराते हुए उपस्थित सभी पदाधिकारियों को यह भी अवगत कराया कि होटलो में निर्धारित खाने पीने के सामान की रेट लिस्ट लगा कर रखेगे, मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाओं को ख्याल में रखते हुए मेले की पवित्रता बनाये रखते हुए लहसुन, प्याज का खाने में प्रयोग न करने व अपने ढाबा, रेस्टोरेंट में सीसीटीवी कैमरे लगाने हेतु बताया गया। साथ ही वाहन में किराया लिस्ट लगाने, वाहन से संबंधित दस्तावेज ड्राइविंग लाइसेंस आदि चालक अपने पास रखेगें यदि कोई भी चालक उल्लंघन करता पया गया तो सम्बन्धित चालको के विरुद्द मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्यवाही की जायेगी

# आज का दिन खेल भावना, एकता व शांति के मूल्यों को समर्पित:धामी

संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आज दिन खेल भावना, एकता और शांति के मूल्यों को समर्पित है।


आज यहां मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित भी किया एवं खिलाड़ियों को खेल भावना की शपथ भी दिलाई। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन खेल भावना, एकता और शांति के मूल्यों को समर्पित है। ओलंपिक केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि समर्पण, साधना और राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य हुए है। भारत अब खेलों में केवल भागीदार नहीं, बल्कि विजेता के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2023 के एशियाई खेलों में भारत ने 107 पदकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया, वहीं ओलंपिक 2020 के लिए भारत के



126 खिलाड़ियों ने क्वालिफाई किया, जो देश में खेल पारिस्थितिकी तंत्र की मजबूती को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को 'खेलभूमि' के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। हाल ही में आयोजित 38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने 103 पदक जीतकर राज्य को गौरवान्वित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों, खेल विश्वविद्यालय हल्द्वानी तथा महिला स्पोर्ट्स कॉलेज लोहाघाट की स्थापना की दिशा में तेजी से कार्य किये जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि खेल नीति के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा पदक विजेता खिलाड़ियों को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी, खेल भत्ता, तथा उत्तराखंड खेल रत्न और हिमालय खेल रत्न पुरस्कार जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। राजकीय सेवाओं में खिलाड़ियों के लिए 4 प्रतिशत खेल कोटा लागू किया गया है। मुख्यमंत्री उदीयमान खिलाड़ी उन्नयन योजना के अंतर्गत 3900 तथा मुख्यमंत्री प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 2155 खिलाड़ियों को डीबीटी के माध्यम से प्रोत्साहन राशि हस्तांतरित की जा रही है। खेल मंत्री श्रीमती रेखा आर्या ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में नई खेल नीति में खिलाड़ियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए कई प्राविधान किये गये हैं। राज्य में खेल इन्फ्रास्टक्चर का तेजी से विकास हुआ है। 38वें राष्ट्रीय खेलों की मेजबानी का अवसर उत्तराखण्ड को मिला, जिसमें उत्तराखण्ड के खिलाड़ियों का सराहनीय प्रदर्शन रहा है। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव खेल अमित सिन्हा, अपर निदेशक खेल अजय अग्रवाल और खेल विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# पुलिस कर्मी के घर से लाखों के जेवरात व अन्य सामान चोरी



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बंद मकान में धावा बोलते हुए चोरों ने पुलिस कर्मी के घर से लाखों के जेवरात व अन्य सामान चोरी कर लिया है। मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर चोरो की तलाश शुरू कर दी है।

चोरी का यह मामला सिविल लाइंस कोतवाली क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी का है। जानकारी के अनुसार रुड़की डिफेंस कॉलोनी निवासी पूनम के पति सत्येंद्र रेलवे सुरक्षा बल में सिपाही के पद तैनात है और उनकी पोस्टिंग तमिलनाडु में है वहीं पूनम भी अपने मूल गांव ताजपुर जिला मुजफ्फरनगर अपने बच्चों की छुट्टियां बिताने गई थी। 22 जून को पड़ोसियों ने सूचना देकर बताया कि उनके घर का दरवाजा खुला है वह आनन फानन में रुड़की आई तो देखा कि घर के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ है। मामले की सूचना पुलिस को दी गयी और पास लगे सीसीटीवी कैमरे भी चेक किए गये। जिसमें 22 जून की सुबह ढाई बजे दो नकाबपोश चोर बाईक से आते और घर का ताला तोड़ते नजर आ रहे हैं। वहीं मामले में पुलिस को तहरीर देकर पूनम ने बताया है कि घर से लाखों के जेवरात और अन्य सामान चोरी हुआ है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी मणिभूषण श्रीवास्तव का कहना है कि तहरीर आई है मामले में कारवाई की जाएगी।

# पर्यटक पर हमला, मुकदमा दर्ज

हमारे संवाददाता




नैनीताल। मॉल रोड पर बीती रात एक पर्यटक पर धारदार हथियार से हमला कर दिया गया। युवक को गले में गंभीर चोट आई है और वह बीडी पांडे अस्पताल में भर्ती है। मामले में पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है। जानकारी के अनुसार मल्लीताल के एक होटल में ठहरा यह पर्यटक अपने दोस्तों संग बीती रात माल रोड पर टहल रहा था, बताया जा रहा है कि इस दौरान चार अज्ञात युवकों ने उस पर हमला कर दिया और वह मौके से फरार हो गए। घायल को मौके पर पहुंचे एक स्थानीय युवक असद ने अपनी बाइक से अस्पताल पहुंचाया। पुलिस को घटना की सूचना अस्पताल प्रशासन से मिली और जांच शुरू कर दी गई है। घायल ने पुलिस को बताया कि हमले से पहले उसकी कुछ युवकों से कहासुनी हुई थी। उसने कौशलेंद्र श्रीवास्तव नामक युवक पर शक जाहिर किया है, जो श्रावस्ती (यूपी) का निवासी है और अपने दोस्तों संग नैनीताल आया था। फिलहाल पुलिस संदिग्धों की तलाश कर रही है और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# कीड़ा जड़ी तस्करी कर रहे चार गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

चमोली। प्रतिबंधित कीड़ा जड़ी की तस्करी कर रहे चार लोगो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जिनके पास 180 नग कीड़ा जड़ी बरामद की गयी है।

जानकारी के अनुसार बीती शाम कोतवाली चमोली पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र के एक होटल में कुछ लोग प्रतिबंधित कीड़ा जड़ी की तस्करी हेतू आने वाले है सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बताये गये होटल में छापेमारी करते हुए होटल से चार व्यक्तियों को कुल 180 नग प्रतिबंधित कीड़ा जड़ी (यारसागंबू) के साथ गिरफ्तार किया गया। जिन्होने पूछताछ में अपना नाम नाईस सिंह हयांकी पुत्र चक्र सिंह हयांकी निवासी ज्योति पांडु थाना पांग्ला धारचूला जनपद पिथौरागढ, दिनेश नयाल पुत्र



तेज सिंह नयाल निवासी भट्टनगर गौचर थाना कर्णप्रयाग, दीपक सिंह कोरंगा पुत्र

**❑180 नग प्रतिबंधित कीड़ा जड़ी बरामद**

सिंगल सिंह निवासी गाला जिप्सी थाना पांग्ला धारचूला जनपद पिथौरागढ़ व भगत सिंह चौधरी पुत्र भीम सिंह निवासी पगना थाना चमोली बताया।

बता दें कि कीड़ा जड़ी एक प्रतिबंधित श्रेणी की वन उपज है और इसे अपने कब्जे में रखने या इसका व्यापार करने के लिए वैध लाइसेंस/प्राधिकार पत्र की आवश्यकता होती है। गिरफ्तार आरोपियों द्वारा इस प्रतिबंधित वन उपज को अपने कब्जे में रखने से संबंधी कोई वैध लाइसेंस/प्राधिकार पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। बहरहाल पुलिस ने सभी आरोपियों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित कांवड़ मेला संपादन हेतु दुरुस्त करें तैयारी:बर्द्धन

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन ने सभी विभागों और कार्यदाई संस्थाओं को कांवड़ मेले के संचालन से संबंधित सभी तैयारियां को समय से पूरा करने के निर्देश दिए।

आज यहां मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में कांवड़ मेला की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। मुख्य सचिव ने सभी विभागों और कार्यदाई संस्थाओं को कांवड़ मेले के संचालन से संबंधित सभी तैयारियां को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि व्यवस्थित कांवड़ मेले में बाधक बनने वालों (नशे में लिप्त, उत्पात मचाने वालों, हिंसक प्रवृति को बढ़ावा देने वालों) पर सख्ती की जाए तथा मेले के दौरान बड़े डीजे साउंड पर प्रतिबंध लगाया जाए। उन्होंने नगर निकायों को नियमित साफ- सफाई, शौचालय व पार्किंग, जल संस्थान को पेयजल की निर्बाध सप्लाई, फूड सेफ्टी विभाग को खानपान की चीजों की नियमित देख- रेख, और पूर्ति विभाग को किसी भी तरह की ओवर रेटिंग पर लगाम लगाने के निर्देश दिए।

उन्होंने चेतावनी दी कि साफ- सफाई, पेयजल व्यवस्था, पार्किंग इत्यादि में यदि किसी भी तरह की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित विभाग और संबंधित कार्यदाई संस्था पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव ने समय रहते संबंधित कार्यदाई संस्थाओं की बैठक करते हुए उनको आवश्यक दिशा -



निर्देश जारी करने को कहा।

उन्होंने सिंचाई विभाग को विभिन्न स्नान घाटों और पुलों पर बेहतर साफ- सफाई और जरूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कांवड़ मेला की अवधि 11 जुलाई से 23 जुलाई तक रहेगी। पंचक अवधि 13 से 17 जुलाई तक, डाक कावड़ 20 से 23 जुलाई तक तथा जलाभिषेक (श्रावण शिवरात्रि) 23 जुलाई को होगा। बैठक में जिलाधिकारी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार द्वारा कांवड़ मेले के केंद्र बिंदु हरिद्वार कांवड़ के सफल संचालन हेतु की गई तैयारियों, यातायात व्यवस्था, पार्किंग, भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था इत्यादि का विवरण प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत किया। यातायात के प्रबंधन के लिए विभिन्न रूट, स्थाई - स्थाई पार्किंग, जनपद में आने वाले तथा अन्य जगह जाने वाले वाहनों के अनुरूप रूट डाइवर्जन प्लान इत्यादि से अवगत कराया।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

**कानूनी सलाहकार:**
**वी के अरोड़ा, एडवोकेट**
**बैजनाथ, एडवोकेट**

**कार्यालय: दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।**
**मो. 9358134808**

*नोट: सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*